21. अलंकार

अलंकार का अर्थ है– शोभित या विभूषित करना। भाषा को प्रभावशाली एवं आकर्षक बनाने के लिए अलंकारों का प्रयोग किया जाता है। काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्वों को अलंकार कहते हैं। अलंकार के दो अंग हैं– शब्दांलकार और अर्थालंकार।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को अलंकार की परिभाषा बताते हुए अलंकारों से परिचित करवाएँ।
- ❖ अलंकार के प्रमुख अंगों शब्दालंकार और अर्थालंकार के बारे में जानकारी दें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 155-159 पर दिए गए उदाहरणों द्वारा अलंकारों को समझाएँ।
- ❖ बीच-बीच में छात्रों से अलंकार पूछते हुए विषय के प्रति उनकी रुचि जाँचें।
- ❖ ब्लैकबोर्ड पर अलंकार लिखकर छात्रों से अलंकार का भेद जानें।
- ❖ विभिन्न अलंकारों में उदाहरण देकर उनमें अंतर समझाएँ।
- ❖ सुनिश्चित करें कि छात्र अलंकार के बारे में भली-भाँति समझ गए हैं।